हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

14 कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक, दिए...



14 आंधी-बारिश से अर्ली वैरायटी धान की फसल...





## खबर संक्षेप

### तालाब में अतिक्रमण सीएमओ से शिकायत



**खरोरा** । वार्ड क्रमांक 8 में स्थित सीताराम तालाब रायपुर बलौदाबाजार मार्ग पर है। जिसके चलते अवैध कब्जाधारियों की नजर हमेशा इस पर बनी रहती है। समय-समय पर तालाब के किनारे अवैध कब्जा करने पहुंच जाते है । इसे लेकर खासकर आस-पास के किसान काफी परेशान हैं। अतिक्रमण के विरोध में नगर के लोग लिखित शिकायत करने मुख्य नगरपालिका अधिकारी के पास पहुंचे। मामले को देखते अधिकारी ने संबंधित को बुलाया है। शिकायत करने वालों में प्रमुख रूप से लाला देवांगन, नारायण देवांगन, पीताम्बर देवांगन, भोला यादव, धम्मा यादव, बुधराम, भरत देवांगन आदि शामिल हैं ।

### सिद्धेश्वर मंदिर में लगने वाले पुन्नी मेला की तैयारी जोरों पर



**पलारी**। नगर के ऐतिहासिक सिद्धेश्वर मंदिर में लगने वाले पुन्नी मेला की तैयारी को लेकर कलेक्टर के दिशा निर्देश पर एसडीएम दीपक निकुंज ने संबंधित विभागीय अधिकारियों जनप्रतिनिधियों की बैठक लेकर मेला की तैयारियों के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। पुन्नी मेला से पूर्व तैयारियों का जायजा लेने नगर अध्यक्ष गोपी साहू ने पार्षदगणों अधिकारी कर्मचारियों के साथ मेला स्थल की साफ-सफाई एवं श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पान, सड़क एवं लाइटिंग के कार्यों का जायज़ा लिया। उक्त अवसर पर नगर उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, सीएमओ मनोज बंजारा, इंजीनियर पोषण लाल साहू, पार्षद लेखु वर्मा, नारायण धीवर, नेमसिंह बांधे, भोला वर्मा, पुनीत निषाद, शेरखान, पुनीत रजक उपस्थित थे ।

### सड़क के गड्ढों को भरकर ग्रामीणों ने किया समतल



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा** । ग्राम पुरान में नाला पुल के ऊपर टूट-फूटकर गड्ढे हो जाने से राहगीरों के जान जोखिम की खतरों को भांपकर जनहितकारी प्रशंसनीय कार्य किया गया। पुरान निवासी नरोत्तम ध्रुव, विष्णु सेन, और बालक शिवा ध्रुव ने स्वेच्छा से श्रमदान कर गड्ढों में मुरूम डालकर मरम्मत कर समतल किया।

### गाय को बेचने को लेकर विवाद, भाइयों में मारपीट

**महासमुंद**। ग्राम पिलवापाली में गाय को बेचने को लेकर शुरू हुए विवाद में भाइयों के बीच मारपीट होने का मामला सामने आया है। घटना की अलग-अलग रिपोर्ट पर बसना थाने में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी परीक्षित खुंटे पिलवापाली ने बताया कि 28 अक्टूबर के रात्रि करीबन 8 बजे अपने घर के सामने खडा था। तभी उसके बड़े भैया डालिम खुंटे ने गाय को बेच दिये हो कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। जब उसकी पत्नी नीलबाई खुंटे तथा बेटी ऋतु खुंटे झगड़ा को छुडाने आये, तब उनके साथ भी मारपीट की गई।

# बदले मौसम ने बढ़ाई किसानों की चिंता, धान की फसल पर संकट

## कटाई से पहले मौसम का मिजाज बिगड़ने पर किसानों की उड़ गई नींद

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

प्रदेश में इस समय समुद्र में उठी चक्रवात से पूरे जिले में मौसम ने रविवार से अचानक करवट ले ली। सुबह से ही आसमान पर बादलों का डेरा और बीच-बीच में रुक-रुक कर हो रही बारिश ने लोगों को चौंका रखा है। दिनभर रुक-रुक कर बूंदाबांदी और बीच-बीच में तेज हवाओं के साथ वर्षा ने किसानों की चिंताएं बढ़ाने का काम कर रखा है । जिले में इस बार मौसम की प्रतिकूलता किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर रही है। बार-बार मौसम बदलाव से धान की फसल बारिश का सामना कर रही है।

खेतों में धान की फसल अधपकी व पकी खडी हुई। जहाँ धान की उपज पक चुकी है वहीं कही-कही लवन क्षेत्र में अभी भी मात्र 10 फीसदी ही धान की फसल पककर तैयार है, 90 फीसदी फसल जो पकने की स्थिति में है उसमें सप्ताह भर का समय लगेगा।

किसानों का कहना है कि वर्षाकाल में खण्ड वर्षा से परेशान थे जब बारिश हुई तो सिलसिला लगातार चलता रहा है जिससे धान की फसल को पकने में समय लग रहा है। सोमवार को दोपहर को अचानक बारिश होने लगी, हालांकि बारिश ज्यादा देर नहीं चली जिससे किसानों ने राहत की सांस ली। बारिश होने से किसान चिंतित हो उठे व बारिश न हो इंद्रदेव को मनाने लगें । मौसम अभी भी कुछ दिन के लिए ठीक नहीं माना जा रहा है। ऐसे में किसानों की चिंता लगातार बनी हुई है।



### चार माह की मेहनत पर फिर जायेगा पानी: किसान

किसानों का कहना है कि पहले लगातार बारिश से परेशान थे आसमान साफ ना होने तेज धूप न मिलने से फसलों में कीट का प्रकोप बढ़ गया, फसल बचाने के लिये कृषि दवाई की छिड़काव करके कमर टूट गई जैसे तैसे कर तो फसल बचाया। बेहतर पैदावार की उम्मीद बन रही थी। लेकिन अब यदि बारिश जोरदार हुई तो किसानों की चार माह की मेहनत पर पानी फिर जायेगा। किसानों ने बताया कि लगभग सप्ताह भर बारिश न हो जिससे धान की फसल पककर तैयार हो जाएगी और कटाई-मिसाई का कार्य शुरू हो जायेगा। क्योंकि अभी खेतों में फसल अधपकी खड़ी हुई है, यदि मौसम का यही रुख बना रहा और अब आगे बारिश की मार पड़ी तो फसल पूरी तरह से खराब हो जाएगी। पहले भी बारिश में धान की फसल जो खेतों में गिर गई है, उनमें दाना पतला रह जाएगा और इससे वजन कम होगा एवं पैदावार भी प्रभावित होगी। अगर ज्यादा बारिश होती है तो खेतों में पानी भर जावेगा, जिससे धान की फसल खराब होने की संभावना है।

## दुर्घटना: सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार युवक और बालक की मौके पर ही जान गई

# खोलवा में ट्रक की चपेट में आने से दो की मौत, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

बुधवार सुबह 10:30 बजे ग्राम खोलवा मेन रोड, लक्ष्मी अपार्टमेंट के पास ट्रक की चपेट मे आ जाने से मोटरसायकल सवार दो लोगो की घटना स्थल मे मौत हो गई जबकि इस दुर्घटना मे दो अन्य लोग घायल हो गये घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलो को सिविल अस्पताल पहुंचाया जहां उनका उपचार किया गया इस दुर्घटना मे रविशंकर निषाद 20 साल निवासी टोहडी थाना नादघाट हाल मुकाम अर्जुनी एवं मनीष निषाद 10साल निवासी टोहडी की घटना स्थल पर मौत हो गई।

- घायल किशोरी और युवक का सिविल अस्पताल में इलाज जारी

वही कुमारी तुलिका निषाद 17 साल टोहडी निवासी व डेरहु फेकर 18 साल अर्जुनी निवासी घायल हो गये ग्रामीण थाना टी.आई. लखेश केंवट ने जानकारी देते हुए बताया रविशंकर निषाद का मूल निवास ग्राम टोहडी घाट है करीब 12-13 वर्षो से अपने परिवार के साथ ग्राम अर्जुनी में निवासरत था मृतक मनीष निषाद व आहत कु. तुलीका निषाद टोहडीघाट उसके चाचा के लडका-लड़की है, जो दिपावली त्यौहार मातर में ग्राम टोहडी घाट से ग्राम अर्जुनी आये थे।



### पुलिस ने ट्रक जब्त कर चालक की शुरू की तलाश

*आज सुबह 10 बजे मृतक रविशंकर निषाद, अपने दोस्त के मोटर सायकल मे अपने चाचा के लडका मृतक मनीष निषाद व लडकी आहत कु. तुलीका निषाद तथा गांव के दोस्त डेरहु फेकर को बिठाकर ग्राम अर्जुनी से भाटापारा होते हुये ग्राम टोहडीघाट जा रहे थे करीब 10.40 बजे ग्राम खोलवा, मेन रोड लक्ष्मी अपार्टमेंट के पास पहुंचे थे तभी पीछे से आ रही ट्रक क सीजी 07 बीई 8655 का चालक अपने वाहन को उपेक्षापूर्वक चलाकर मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे मोटर सायकल चालक रविशंकर निषाद व उसके चाचा के लडका मनीष निषाद को आई गंभीर चोंट से मौके पर मृत्यु हो गया तथा मोटर सायकल मे सवार 2 अन्य कु. तुलीका निषाद व डेरहु फेंकर को चोंट आई है जिसका सीएचसी अस्पताल भाटापारा मे चल रहा है।*

# अभद्र टिप्पणी, गिरफ्तारी की मांग को लेकर सिंधी और अग्रवाल समाज ने दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

सिंधी समाज व अग्रवाल समाज के ईष्ट देवी देवता पर अभद्र टिप्पणी करने वाले छत्तीसगढ़ क्रांति सेना व जोहर छत्तीसगढ़ के प्रमुख अमित बघेल पर कार्रवाई व गिरफ्तारी की मांग को लेकर सिंधी समाज व अग्रवाल समाज के लोग शहर थाना पहुंचकर लगभग तीन से चार घंटे धरना दिया और अमित बघेल के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई किये जाने की मांग की। बघेल बीते दिनो अग्रसेन महराज व सिंधी समाज के भगवान पर अशोभनीय टिप्पणी किया, जिससे समाज के लोग आहत हुए । इस तरह अशोभनीय टिप्पणी करना निंदनीय है। वही आज दोनों समाज के लोग बडी संख्या मे शहर थाना मे धरना देकर इसका विरोध किया। दोषी पर शीघ्र कार्रवाई किये जाने की मांग को लेकर थाने में ज्ञापन दिया।

- छत्तीसगढ़ क्रांति सेना व जोहर छत्तीसगढ़ प्रमुख पर कार्रवाई की मांग
- समाज के पदाधिकारियों ने थाने में दिया धरना

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अग्रवाल समाज के अध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, सिंधी समाज से श्रीचंद छाबडिया, राजेश छाबडिया सहित बड़ी संख्या में समाजिकजन मौजूद रहे।

# एससी-एसटी विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति की आय सीमा बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार सरसीवां

एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति हेतु निर्धारित आय सीमा बढ़ाने की मांग की है। संगठन ने कहा कि वर्तमान में निर्धारित 2 लाख 50 हजार रुपये की सीमा अन्यायपूर्ण है और इससे गरीब विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण कुमार नवरंग और उप प्रांताध्यक्ष भोलाराम मरकाम ने कहा कि जब देश विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर अग्रसर है, तब भी एससी-एसटी वर्ग की आय सीमा दशकों पुरानी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए जहां 8 लाख रुपये की आय सीमा तय की गई है, वहीं एससी-एसटी वर्ग के लिए मात्र 2.5 लाख रुपये की सीमा न्यायसंगत नहीं है। संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि इस असमान नीति के कारण हजारों विद्यार्थी उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। चतुर्थ श्रेणी, संविदा और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी वर्ग की वार्षिक आय दो लाख रुपये से अधिक हो जाती है, जिससे उनके बच्चे छात्रवृत्ति के पात्र नहीं रह जाते।

### सभी वर्गों को देना चाहिए समान अवसर

*महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष संगीता पाटले, सचिव राधेश्याम टंडन और एवन बंजारे ने कहा कि सरकार को सामाजिक न्याय की भावना के अनुरूप सभी वर्गों को समान अवसर देना चाहिए। प्रदेश सचिव नरेंद्र जांगड़े, महामंत्री सनत, बसंत बंजारे, दिनेश जोशी व अन्य पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार से मांग की है कि एससी, एसटी एवं ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आय सीमा को बढ़ाकर 15 लाख रुपये किया जाए। साथ ही उन्होंने विधायकों, सांसदों और जनप्रतिनिधियों से इस मुद्दे पर सामूहिक पहल करने की अपील की है।*

### राज्योत्सव में भाजपा मंडल टुण्डरा से शामिल होंगे हजारों कार्यकर्ता

गिधौरी । साहू समाज धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी टुण्डरा मंडल की आवश्यक बैठक हुई। बैठक प्रभारी भारतीय जिला मंत्री एवं तीन बार जनपद सदस्य मेलाराम शामिल हुए।



उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि 1 नवम्बर को छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के पच्चीसवें वर्ष को रजत जयंती के रूप में मनाया जाएगा। जिसके शुभारंभ के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन हो रहा है। राज्योत्सव के इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने का आह्वान किया। साथ ही कार्यक्रम में जाने के लिए रुपरेखा तैयार की गई। **ये रहे उपस्थित**-बैठक में मेलाराम साहू जिला मंत्री भाजपा बलौदाबाजार, रामचंद्र ध्रुव महामंत्री मंडल कसडोल, दुर्गेश साहू मंडल अध्यक्ष टुण्डरा, अजय सांडे उपाध्यक्ष, नामदेव पटेल, साधराम प्रजापति महामंत्री, व्यास श्रीवास सभापति जनपद पंचायत कसडोल, नरेश जायसवाल अध्यक्ष सहकारी समिति अमोदी, प्रकाश यादव मीडिया प्रभारी एवं समस्त बूथ प्रभारी शक्ति केंद्र प्रभारी और समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विद्यालयों के औचक निरीक्षण पर पहुंचे जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

शिक्षा विभाग के जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र वर्मा द्वारा विकासखंड अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया एवं विद्यालयों के संचालन हेतु दिशा निर्देश प्रदान किए गए सर्वप्रथम वर्मा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पहुंचे जहां प्रार्थना में उपस्थित हो प्रार्थना कराई उसके बाद संपूर्ण भवन का निरीक्षण कर साफ सफाई संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया कस्तूरबा गांधी विद्यालय में कक्षा में उपस्थित होकर छात्राओं से अध्ययन अध्यापन संबंधी जानकारी प्राप्त की एवं बच्चों को प्राप्त होने वाले मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेकर उन्हें होने वाली समस्याओं का निराकरण करने अधिक्षिका को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया। इसके बाद नरेंद्र वर्मा एवं उनके द्वारा गठित दल सामूहिक रूप से पीएम श्री विद्यालय सुर्खी पहुंचकर बच्चों को अध्यापन करवाया एवं संगीत की कक्षा में कुछ समय व्यतीत किया इसके साथ ही साथ पीएम श्री विद्यालय के बच्चों के साथ बैठकर स्वयं भोजन प्राप्त किया एवं विद्यालय की साफ सफाई एवं अच्छी व्यवस्था के लिए प्रधान पार्टी का श्रीमती इंद्राणी साहू की प्रशंसा की।

### विद्यालय का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

इसी क्रम में शिवलाल मेहता स्वामी आत्मानंद पीएम श्री विद्यालय पहुंचकर नवनिर्मित प्रयोग शाला कक्षाओं का निरीक्षण किया एवं शाला में उपस्थित कबाड़ को शीघ्र अति शीघ्र आवश्यक प्रक्रिया द्वारा विक्रय करने हेतु निर्देशित किया साथ ही साथ विद्यालय के रंग रोगन एवं साफ सफाई हेतु प्राचार्य केशव देवांगन को अपने सुझाव दिए नरेंद्र वर्मा के साथ विकासखंड शिक्षा अधिकारी भास्कर चंद देवांगन सहायक विकासखंड अधिकारी मुन्ना सिंह नेम सहायक जिला परियोजना अधिकारी जहीर अब्बास प्राचार्य शैलेंद्र नामदेव व्याख्याता रेखा पाल एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक दुर्गेश शर्मा उपस्थित रहे।



## स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर पहुंचकर कर रहीं आंखों की जांच

# कसडोल में 'संपूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम' का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कसडोल विकासखंड में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संपूर्ण नेत्र सुरक्षा कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने कसडोल ब्लॉक मुख्यालय से सर्वे टीम को हरी झंडी दिखाकर किया। अभियान का उद्देश्य हर व्यक्ति तक नेत्र सुरक्षा और उपचार की सुविधा पहुंचाना है।

- करीब तीन लाख आबादी को कवर करने का लक्ष्य

कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीमें अगले दो महीनों तक घर-घर जाकर आंखों की जांच करेंगी। इस अभियान में लगभग 2 लाख 85 हजार जनसंख्या को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। पूरे कसडोल ब्लॉक को 8 सेक्टर, 43 उप-स्वास्थ्य केंद्र और 239 गांवों में विभाजित किया गया है, जहां स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर आंखों से जुड़ी समस्याओं की जानकारी लेंगे।





### नेत्र रोगों के रोकथाम के लिए चला अभियान

डॉ. अवस्थी ने बताया कि यह अभियान नेत्र रोगों की शुरुआती पहचान और रोकथाम के लिए चलाया जा रहा है। सर्वे के दौरान जिन लोगों में मोतियाबिंद, कांचियाबिंद, रेटिनोपैथी, दृष्टिदोष या संक्रमण जैसी बीमारियों के लक्षण मिलेंगे, उनकी आगे जांच कर निःशुल्क सर्जरी और जरूरतमंदों को चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम में ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक और मितानिन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वे न केवल सर्वे करेंगे, बल्कि लोगों को नेत्र सुरक्षा, स्वच्छता और नेत्रदान के महत्व के प्रति भी जागरूक करेंगे।

### केवल सर्वे नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी : डॉ. अवस्थी

डॉ. अवस्थी ने कहा कि यह केवल सर्वे नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी का अभियान है। हर आंख की सुरक्षा हमारा संकल्प है। उन्होंने जनता से अपील की कि स्वास्थ्यकर्मियों का सहयोग करें और आंखों से जुड़ी किसी भी समस्या को न छिपाएं। कार्यक्रम की निगरानी जिला नेत्र नियंत्रण कक्ष द्वारा की जा रही है, ताकि कसडोल क्षेत्र को 'दृष्टि सुरक्षित ब्लॉक' बनाया जा सके।

स्टाफ की आवश्यकता है
मैनेजर - 2 पद
अकाउंटेंट - 2 पद
नर्सिंग स्टाफ - 5 पद
रिसेप्शनिस्ट - 3 पद
PRO - 5 पद
प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. राबिया वसीम
डायरेक्टर व डेंटल सर्जन
आर्थोपेडिक्स एवं क्रिटिकल केयर
जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग
जनरल मेडिसिन विभाग एवं ICU
नोट: अनुभवी को प्राथमिकता एवं वेतन योग्यतानुसार
संपूर्ण दस्तावेज के साथ सम्पर्क करें
ओमकार
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर
छुईहा, भाटापारा रोड, बलौदा बाज़ार, जिला: बलौदाबाज़ार-भाटापारा (छ.ग.)
मो.: 9669861908, 7869611406

# छत्तीसगढ़ में अब होगी पानी पाइप लाइन, ड्रेनेज, सीवरेज, बस टर्मिनल की जीआईएस मैपिंग


हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक पीएम गति शक्ति योजना का क्रियान्वयन अब छत्तीसगढ़ में किया जाएगा। इस काम के लिए राज्यभर से वाटर सप्लाई पाइप लाइन, ड्रेनेज, सीवरेज, बस टर्मिनल, बस डिपो का डाटा अनिवार्य रूप से जुटाया जाएगा। इसके लिए जीआईएस मैपिंग की जाएगी। राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को निर्देश जारी किया है।

### ये जानकारी देना है अनिवार्य

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी निकायों को जारी निर्देश में कहा है कि भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना\\/" प्रधानमंत्री गति-शक्ति योजना \\/" अंतर्गत प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों के विभिन्न जानकारियाँ दी जानी है। इसमें अनिवार्य रूप से वाटर सप्लाई पाइपलाइन, ड्रेनेज, सीवरेज बस टर्मिनल, बस डिपो का डाटा, एडीश्नल लेयर रोड,सब्जी बाजार, स्टेडियम, कमर्शियल काम्प्लेक्स, उद्यान, ओवरहेड वाटर टैंक के समस्त डाटा का जीआईएस फॉर्मेट में मैपिंग कराया जाना है। यह जानकारी गूगल शीट के माध्यम से 15 दिनों में देने कहा गया है।

ये काम है पीएम गतिशक्ति योजना का हिस्सा
निकायों को 15 दिनों में देनी है जानकारी



### क्या है पीएम गतिशक्ति योजना

पीएम गति शक्ति एक राष्ट्रीय मास्टर प्लान है जिसका उद्देश्य मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के लिए 16 से अधिक मंत्रालयों और विभागों को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाना है। यह योजना बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं की एकीकृत योजना और समन्वित कार्यान्वयन को सुनिश्चित करती है, जिसमें रेलवे, सड़क, बंदरगाह, जलमार्ग और हवाई अड्डे शामिल हैं। इसका लक्ष्य लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना, आर्थिक विकास को गति देना और भारत में एक निर्बाध परिवहन नेटवर्क बनाना है।

### योजना की मुख्य विशेषताएं

**डिजिटल प्लेटफॉर्म :** एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जो विभिन्न मंत्रालयों की परियोजनाओं को एक साथ लाता है, जिससे योजना बनाने और उन्हें लागू करने के तरीके में क्रांति आती है।
एकीकृत योजनाः यह योजना विभिन्न मंत्रालयों के प्रयासों को एकीकृत करती है और यह सुनिश्चित करती है कि सभी परियोजनाएं एक-दूसरे के साथ समन्वय में हों।
**मल्टीमॉडल कनेक्टिविटीः** यह रेलवे, सड़क, बंदरगाह, जलमार्ग, हवाई अड्डे और मास-ट्रांसपोर्ट जैसे विभिन्न परिवहन साधनों को जोड़ती है, जिससे माल और लोगों की आवाजाही आसान हो जाती है।लॉजिस्टिक्स दक्षताः यह लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने और आपूर्ति श्रृंखला को बेहतर बनाने पर केंद्रित है, जिससे भारत में विनिर्माण के लिए प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलता है।
**त्वरित अनुमोदनः** यह राइट-ऑफ-वे अनुमोदन जैसी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने में मदद करता है, जिससे बुनियादी ढांचे के विकास को गति मिलती है।
समन्वित कार्यान्वयनः योजना में समन्वय की कमी को दूर करने और देरी को कम करने के लिए एक सुव्यवस्थित दृष्टिकोण अपनाया जाता है।
**डेटा एकीकरणः** इसमें 1600 से अधिक डेटा लेयर के साथ 44 केंद्रीय मंत्रालयों और 36 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों को एकीकृत किया गया है।

---

## खबर संक्षेप



### नए विधानसभा भवन लोकार्पण की तैयारियों का रमन ने लिया जायजा

**रायपुर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मंगलवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नवा रायपुर में नवीन विधानसभा भवन के लोकार्पण की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण स्थल, पौधारोपण स्थल, सभा भवन, समूह छायाचित्र एवं मंचीय कार्यक्रम स्थल तथा प्रधानमंत्री के आगमन की समस्त तैयारियों की समीक्षा की एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप, विधानसभा सचिव दिनेश शर्मा, नोडल अधिकारी नवीन विधान सभा उद्घाटन समारोह एस. प्रकाश, कलेक्टर रायपुर, लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, विधान सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे ।

### डिप्टी सीएम साव सहित 3 मंत्रियों की निजी स्थापना में नई नियुक्ति

**रायपुर।** डिप्टी सीएम अरुण साव समेत तीन मंत्रियों ने अपनी निजी स्थापना से ओएसडी और लिपिकीय संवर्ग के कर्मचारियों को बदल दिया है। इनकी जगह नये पदस्थ किए गए हैं। जीएडी से जारी आदेशानुसार हाईस्कूल भरारी बिल्हा पदस्थ ग्रेड 2 लिपिक डिगेश्वर राव शिंदे की सेवाएं स्कूल शिक्षा विभाग से लेते हुए डिप्टी सीएम साव के यहां पदस्थ किया गया है। इसी तरह से उच्च शिक्षा, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने अपने ओएसडी डिप्टी कलेक्टर गौतम सिंह की सेवाएं मूल विभाग को वापस कर दी है।

### भाजपा बोली- एसआईआर को लेकर कांग्रेस फैला रही झूठ

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय ने कहा, एसआईआर को लेकर प्रदेश में कांग्रेस छूठ फैलाने का काम कर रही है। उनका कहना है, चुनाव आयोग की यह पहल भारतीय लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करेगी और देशभर में चुनाव प्रणाली में आए दोषों को स्वमेव निवारण होगा। श्री पाण्डेय ने कहा, यह 28 अक्टूबर से शुरू होगा और 7 फरवरी को खत्म होगा। 103 दिनों में मतदाता सूची में सुधार, नए मतदाताओं का समावेश और सूची में त्रुटियों का निवारण किया जाएगा।

---

बैठक में बनी रणनीति, हर मंडल को दिया गया एक-एक हजार का लक्ष्य

# मोदी की सभा में रायपुर शहर जिला भाजपा जुटाएगी 25 हजार की भीड़



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राज्योत्सव के रजत जयंती समारोह का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक नवंबर को करेंगे। उद्घाटन के बाद होने वाली सभा के लिए रायपुर शहर जिला भाजपा को 25 हजार की भीड़ जुटाने का लक्ष्य मिला है। मंगलवार को बैठक करके रायपुर के 20 मंडलों को एक-एक हजार की भीड़ लाने का लक्ष्य दिया गया है। इसी के साथ मोर्चा और प्रकोष्ठ को मिलाकर पांच हजार की भीड़ अलग से जुटेगी।

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन की तैयारियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी रायपुर जिले की महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा एवं जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में की गई है। भाजपा प्रदेश महामंत्री पवन साय ने कहा, छत्तीसगढ़ की 25वीं सालगिरह पर रायपुर आ रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। उन्होंने रजत जयंती महोत्सव को सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा उत्साह के साथ इस आयोजन को सफल बनाने के लिए मार्गदर्शन दिया।

सभी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए उपस्थित होने का निर्देश दिया गया। रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के आगमन एवं उनके स्वागत के लिए अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। जिलाध्यक्ष रायपुर शहर रमेश सिंह ठाकुर ने कहा, हमें प्रधानमंत्री के आगमन एवं उनके स्वागत के लिए तैयार रहना है। जगह-जगह उनका विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा स्वागत किया जाएगा। हमें उनके प्रवास की अभूतपूर्व सफलता के लिए एक रूपरेखा बनाकर कार्य करना है। बैठक में पुरंदर मिश्रा, भाजपा वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा, प्रदेश मंत्री जयंती पटेल, महापौर श्रीमती मीनल चौबे, श्रीचंद सुंदरानी, सच्चिदानंद उपासने, रूप नारायण सिंहा, नंद कुमार साहू, लोकेश कावड़िया, सुभाष तिवारी, अमरजीत छाबड़ा, शशांक शर्मा, मोना सेन, मोहन एंटी, अंजय शुक्ला, नलिनीश ठोकने, रामकृष्ण धीवर, प्रफुल्ल विश्वकर्मा, जिला महामंत्री अमित मैशेरी, गुंजन प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष अकबर अली, तुषार चोपड़ा, रोहित द्विवेदी रायपुर के सभी पार्षद, मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जिला मुख्यालयों में 2 से 4 तक राज्योत्सव, तय हुए मुख्य अतिथि

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में 2 से 4 नवंबर तक भव्य राज्योत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला मुख्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में राज्य के मंत्री, सांसद तथा विधायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। राज्य शासन ने प्रत्येक जिले के लिए मुख्य अतिथि के नामों की घोषणा की है। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर सभी जिलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोकनृत्य, हस्तशिल्प प्रदर्शनी, स्थानीय उत्पादों की झांकी एवं विकासपरक योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए जाएंगे। राज्योत्सव कार्यक्रमों का आयोजन जनभागीदारी और पारंपरिक गौरव के साथ गरिमामय ढंग से किया जाएगा ताकि प्रदेश की संस्कृति, विकास और एकता का संदेश पूरे राज्य में प्रसारित हो सके। राज्य शासन द्वारा जारी सूची के अनुसार राजनांदगांव जिला मुख्यालय में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष और सरगुजा में मुख्य अतिथि कृषि मंत्री रामविचार नेताम होंगे। इसी प्रकार बिलासपुर जिला मुख्यालय में तोखन साहू केन्द्रीय राज्य मंत्री, बस्तर में उप मुख्यमंत्री अरूण साव तथा दुर्ग में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जिला मुख्यालय में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे।

### दंतेवाड़ा में कश्यप, कोरिया में अग्रवाल

इसी प्रकार गरियाबंद में मंत्री दयालदास बघेल, दंतेवाड़ा में मंत्री केदार कश्यप, कोरबा में मंत्री लखन लाल देवांगन, जशपुर में मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा रायगढ़ में मंत्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सूरजपुर में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, जांजगीर-चांपा में मंत्री टंकराम राम वर्मा, बालोद में मंत्री गजेन्द्र यादव, कोरिया में मंत्री राजेश अग्रवाल और मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में मंत्री गुरू खुशवंत साहेब जिला मुख्यालय में आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे।

## सीईओ ने राजनीतिक दलों से पुनरीक्षण में मांगा सहयोग



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ सहित 12 राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों की घोषणा कर दी गई है। इसी सिलसिले में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने मंगलवार को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।

■ राजनीतिक दलों ने प्रक्रिया की ली पूरी जानकारी

यह बैठक कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ के सभागार में आयोजित की गई। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथियों और अन्य आवश्यक जानकारियों से अवगत कराना था। सीईओ यशवंत कुमार ने राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि वे पुनरीक्षण के दौरान अपने बूथ स्तरीय एजेंटों के माध्यम से निर्वाचन आयोग के कर्मचारियों को पूरा सहयोग दें, ताकि छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम सूची में जोड़े जा सकें और मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाए जा सकें। सीईओ यशवंत कुमार ने राजनीतिक दलों को पूरे एसआईआर से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियों की भी जानकारी दी ।

### राजनीतिक दलों की रही सक्रिय भागीदारी

मतदाता सूची को त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाने के लिए आयोजित इस बैठक में राज्य के प्रमुख राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जो इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य के प्रति उनकी गंभीरता को दर्शाता है।

### ये दल उपस्थित रहे

बहुजन समाज पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी). इंडियन नेशनल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और नेशनल पीपुल्स पार्टी बैठक में शामिल रहे।

## अगले विधानसभा चुनाव से पहले हर मतदाता की जानकारी फिर से सत्यापित करेगा चुनाव आयोग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची को और अधिक सटीक व त्रुटिरहित बनाने के लिए अब विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया शुरू हो रही है। राज्य चुनाव आयोग ने इस संबंध में विस्तृत निर्देश जारी कर दिए हैं। देश के जिन 12 राज्यों में एसआईआर का ऐलान किया गया है, उनमें छत्तीसगढ़ भी शामिल है।

छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने संवाददाताओं से चर्चा में कहा, इस बार प्रदेश की सभी 90 विधानसभा सीटों की मतदाता सूची की बारीकी से जांच की जाएगी। हर मतदाता की जानकारी को फिर से सत्यापित किया जाएगा, ताकि 2028 के विधानसभा चुनाव से पहले वोटर लिस्ट पूरी तरह से अद्यतन और त्रुटिहीन हो। प्रक्रिया में नए मतदाता जोड़े जाएंगे, गलत या दोहराए गए नाम हटाए जाएंगे, और मृत व्यक्तियों के नाम सूची से निकाले जाएंगे।

### चार माह चलेगा एसआईआर

कार्यक्रम के अनुसार मुद्रण और प्रशिक्षण का चरण 28 अक्टूबर से 3 नवंबर 2025 तक चलेगा। घर-घर गणना 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक होगी। मसौदा मतदाता सूची 9 दिसंबर को प्रकाशित की जाएगी। दावे और आपत्तियों के लिए 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक का समय रहेगा, जबकि सुनवाई और सत्यापन 9 दिसंबर से 31 जनवरी तक चलेगा। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा।

### 13 प्रकार के दस्तावेज होंगे मान्य

छत्तीसगढ़ में फिलहाल 2 करोड़ 12 लाख से अधिक मतदाता हैं। इस विशेष पुनरीक्षण के लिए कुल 13 प्रकार के दस्तावेज मान्य होंगे। इनमें इनमें आधार कार्ड, पेंशन पहचान पत्र, जन्म प्रमाणपत्र, पासपोर्ट, मैट्रिक का प्रमाणपत्र, स्थानीय निवासी प्रमाणपत्र, वन अधिकार प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, मकान आवंटन प्रमाणपत्र, बैंक प्रमाण पत्र या पहचान पत्र, सरकार द्वारा पारिवारिक रजिस्टर शामिल हैं। चुनाव आयोग के अनुसार, लगभग 95 प्रतिशत मतदाताओं को किसी अतिरिक्त दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। सोमवार रात 12 बजे से राज्य की वोटर लिस्ट को फ्रीज कर दिया गया है। अब किसी भी तरह का नया नाम जोड़ना या सुधार करना केवल एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से ही संभव होगा।

### एक घर में तीन बार विजिट करेगा बीएलओ

बूथ लेवल ऑफिसर घर-घर जाकर फॉर्म 6, 7, 8 और 8A वितरित करेंगे। हर बीएलओ एक घर में तीन बार विजिट करेगा ताकि कोई भी पात्र मतदाता छूटने न पाए। एसआईआर की मदद से वोटर लिस्ट अपडेट की जाती है। 18 साल से ज्यादा के नए मतदाताओं को जोड़ा जाता है। चुनावी क्षेत्र से जा चुके लोगों का नाम हटाया जाता है। वोटर लिस्ट में नाम-पते की गलतियां ठीक की जाती है। बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म भरवाते हैं।

### सीएम साय बोले –निर्वाचन आयोग का कदम पारदर्शिता की दिशा में बड़ा निर्णय

देश में चुनावी पारदर्शिता को लेकर शुरू की गई एसआईआर प्रक्रिया का असर अब राज्यों तक पहुंच चुका है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा, यह प्रक्रिया लोकतंत्र को और मजबूत बनाएगी। उन्होंने निर्वाचन आयोग को इसके लिए धन्यवाद दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा, एसआईआर प्रक्रिया एक अच्छा और पारदर्शी कदम है। यह चुनावी प्रक्रिया में विश्वास और जवाबदेही को बढ़ाएगा। हम निर्वाचन आयोग के इस फैसले का स्वागत करते हैं।

## आकाश तिवारी होंगे नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष

संदीप साहू की जगह आकाश तिवारी संभालेंगे नेता प्रतिपक्ष की कमान

### सामान्य सभा से पहले सभापति का फैसला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

आखिरकार सामान्य सभा के एक दिन पहले नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने नेता प्रतिपक्ष को लेकर चल रही अटकल पर विराम लगा दिया है। उन्होंने कांग्रेस पार्षद आकाश तिवारी को संदीप साहू की जगह नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता दे दी है। इसी के साथ 29 अक्टूबर को महात्मा गांधी सदन के सामान्य सभागार में आयोजित सामान्य सभा में आकाश तिवारी नेता प्रतिपक्ष के रूप में सदन सत्ता पक्ष को जनहित के मुद्दों पर घेरते नजर आएंगे। श्री तिवारी वर्तमान में पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड के पार्षद हैं। इस वार्ड से वे दूसरी बार पार्षद चुने गए हैं।

दरअसल, नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने जिला कांग्रेस की अनुशंसा पर वीर सावरकर नगर वार्ड पार्षद संदीप साहू को नगर निगम का नेता प्रतिपक्ष घोषित कर दिया था। महापौर मीनल चौबे के कार्यकाल में पहली सामान्य सभा निगम बजट के रूप में आयोजित की गई जिसमें नेता प्रतिपक्ष के रूप में संदीप साहू ने कांग्रेस पार्षद का नेतृत्व किया। इसके बाद वन नेशन वन इलेक्शन के लिए बुलाई गई विशेष सामान्य सभा में नेता प्रतिपक्ष के रूप में संदीप साहू शामिल हुए। यही नहीं निगम सचिवालय की ओर से उन्हें महात्मा गांधी सदन में नेता प्रतिपक्ष के रूप में बकायदा कक्ष आवंटन कर संदीप साहू के नाम नेता प्रतिपक्ष वाली



पट्टिका लगाई गई जो आज तक इस कक्ष में लगी हुई है। बाद में प्रदेश कांग्रेस ने आकाश तिवारी को कांग्रेस पार्षद दल का नेता बना दिया। इसके बाद जिला कांग्रेस ने दोबारा नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर को पत्र लिखकर संदीप साहू की जगह आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में मान्यता देने कहा था, पर संदीप साहू इसके लिए तैयार नहीं थे। मगर 29 तारीख को सामान्य सभा की बैठक के पहले प्रदेश कांग्रेस की अनुशंसा को मानकर आकाश तिवारी को नेता प्रतिपक्ष घोषित कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक इससे कांग्रेस में विवाद बढ़ने के आसार हैं। विदित हो नगर निगम में भाजपा के 61 पार्षद होने के साथ ही सदन में उनका बहुमत है, वहीं विपक्षी दल कांग्रेस के 8 पार्षद हैं, जबकि निर्दलीय 1 पार्षद हैं।

### स्वच्छता सर्वेक्षण में वार्ड को दूसरे नंबर पर लाया

पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड पार्षद और पूर्व एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी ने पार्षद और एमआईसी सदस्य रहते हुए अपने वार्ड को स्वच्छता सर्वेक्षण में पूरे शहर में दूसरे नंबर पर लाने का काम किया। इसके चलते उनके वार्ड को नंबर 2 बेस्ट स्वच्छता अवार्ड के रूप में 10 लाख रुपए का पुरस्कार मिला।

### बचपन से कांग्रेस कमेटी से जुड़े, एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस और जिला कांग्रेस

कमेटी में महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दीं। उन्हें पहली बार कांग्रेस पार्टी ने पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड से पार्षद का टिकट दिया। पार्टी के भरोसे को बरकरार रखते हुए उन्होंने पहली बार में ही पार्षद चुनाव जीता। अब रायपुर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष के अहम पद उन्हें जिम्मेदारी दी है। 29 अक्टूबर की सामान्य सभा में कांग्रेस पार्षद दल का नेतृत्व करने सदन में मौजूद रहेंगे।

## जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र अब पूरी तरह ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

भारत के महारजिस्ट्रार कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2023 में संशोधित ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया गया है, जिसके माध्यम से राज्य में जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र ऑनलाइन बनाए जा रहे हैं। इस प्रकार, छत्तीसगढ़ राज्य में प्रत्येक जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र का ऑनलाइन बनाया जाना अनिवार्य किया गया है। राज्य में अक्टूबर 2023 के बाद से सभी जन्म प्रमाणपत्र केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से बनाए जा रहे हैं, और वर्तमान में पोर्टल पूरी तरह से तकनीकी रूप से सुचारू रूप से संचालित है। उल्लेखनीय है कि जन्म-मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 में वर्ष 2023 में संशोधन किया गया है। संशोधन के अनुसार अक्टूबर 2023 के बाद जन्मे बच्चों की जन्म तिथि प्रमाणित करने के लिए जन्म प्रमाण पत्र ही एकमात्र वैध आधार होगा। अर्थात, इस तिथि के पूर्व जन्मे बच्चों के मामलों में अन्य वैकल्पिक दस्तावेज भी जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में मान्य रहेंगे। परंतु अक्टूबर 2023 के बाद जन्मे बच्चों के लिए केवल जन्म प्रमाण पत्र ही तिथि प्रमाण का एकमात्र स्रोत होगा। राज्य में अप्रैल 2023 के बाद से जन्मे प्रत्येक बच्चे के लिए ऑनलाइन जारी जन्म प्रमाण पत्र को ही मान्य किया गया है।

■ अक्टूबर 2023 के पूर्व जन्मे बच्चों के आधार कार्ड के लिए ऑनलाइन जन्म प्रमाणपत्र की कोई बाध्यता नहीं

### जन्म तिथि प्रमाणित करने अन्य दास्तावेज मान्य

इस प्रकार स्पष्ट है कि अक्टूबर 2023 के पूर्व जन्मे बच्चों के जन्म तिथि प्रमाणन के लिए जन्म प्रमाण पत्र अनिवार्य नहीं है। उनके लिए अन्य दस्तावेज भी मान्य हैं। लेकिन अक्टूबर 2023 के बाद जन्मे बच्चों के लिए जन्म प्रमाण पत्र ही जन्म प्रमाण का एकमात्र आधार होगा। पूर्व में जिन बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र मैन्युअल पद्धति से जारी किया गया था, उनके लिए भी अब पोर्टल में ऑनलाइन प्रमाण पत्र बनाने का प्रावधान उपलब्ध है। इससे पुराने प्रमाण पत्र भी डिजिटल स्वरूप में सुरक्षित किए जा सकेंगे।

**क्यूआरकोड पर ही आधार, राज्य सरकार ने मांगी सहायता :** यह संज्ञान में आया है कि कुछ जिलों में केवल उन्हीं जन्म प्रमाण पत्रों के आधार पर आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं जिनमें क्यूआर कोड है।

## घर से लापता महिला की तालाब में मिली लाश आत्महत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर के पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के खो-खो तालाब में मंगलवार को एक महिला की लाश मिली। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मृतका की शिनाख्ती से पुलिस को पता चला कि मृतका एक दिन पहले से घर से लापता हो गई थी, जिसकी गुमशुदी की सूचना थाने में उसके परिजनों ने दी थी। प्रारंभिक जांच में पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है।



### मानसिक रूप से कमजोर थी मृतका

पुरानी बस्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कुछ स्थानीय लोगों ने थाने में सूचना दी कि तालाब में एक महिला की लाश तैर रही है। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकालवाया और उसकी शिनाख्ती की। इससे पता चला कि मृतका रवीना (55) पुरानी बस्ती में ही रहती थी। वह एक दिन पहले से घर से कहीं चली गई थी, जिसकी सूचना उसके परिवार के सदस्यों ने थाने में दी थी। मृतका के परिवार के सदस्यों ने पुलिस को बताया था कि वह मानसिक रूप से कमजोर थी, जिसका इलाज भी चल रहा था। परिवार वालों के बयान के आधार पर पुलिस आशंका जता रही है कि संभवतः अपनी बीमारी के कारण उसने आत्महत्या की है या फिर तालाब में गिरकर डूबने से उसकी मौत हुई है। बहरहाल पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

खबर संक्षेप

## ट्रैक्टर की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** ग्राम बड़ेसाजापाली में ट्रैक्टर की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर बसना थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को लखनलाल जांगड़े निवासी ग्राम छातापठार ने बताया कि 23 अक्टूबर को उसका भाई जयराम जांगडे पिता गनपत जांगड़े अपने मोटर सायकल होंडा शाइन क्रमांक सीजी 11 बीबी 1230 से लगभग 11 बजे ग्राम छातापठार से बड़ेसाजापाली के बाजार पडाव की ओर जा रहा था। बड़े साजापाली के पुराने पंचायत भवन के आगे मेन रोड पर पहुंचने पर सामने आ से रहे स्वराज ट्रैक्टर वाहन क्र. सीजी 06 जीआर 2435 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाकर उसके भाई के मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट से उसके भाई के दाएं आंख के ऊपर, सिर के बीच भाग में एवं कपाल तथा गाल में चोट लगी है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281,125 (ए) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## उधार की रकम को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम गोंगल में उधार की रकम को लेकर एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध पटेवा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है।
पुलिस को तुलाराम धृतलहरे ने बताया कि 23 अक्टूबर की रात करीबन 8 बजे घरेलू सामान खरीदने दुकान जा रहा था। दुग्ध सोसायटी के सामने गांव के राजेश घृतलहरे ने 1000 रुपए कब वापस करोगे कहते हुए गाली देते हुए मारपीट कर दी। उसी समय विक्की घृतलहरे, कृष्णा घृतलहरे, हेमसिंग घृतलहरे आये और सभी एक राय होकर राजेश से क्यों लड़ाई झगड़ा कर रहे हो कहते मारपीट किया। इस दौरान बीच बचाव करने आई प्रार्थी की पत्नी तेजबाई घृतलहरे, बेटी पवित्रा घृतलहरे के साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण क़े सम्बन्ध में दी गई विस्तृत जानकारी

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीति दल क़े प्रतिनिधियों क़े साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज >> बलौदाबाजार

भारत निर्वाचन आयोग क़े निर्देशानुसार 1 जनवरी क़े संदर्भ में मतदाता सूची क़े विशेष गहन पुनरीक्षण क़े सम्बन्ध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने बुधवार को राजनैतिक दल क़े प्रतिनिधियों क़े साथ बैठक की। बैठक में आयोग़ द्वारा जारी मतदाता सूची क़े विशेष गहन पुनरीक्षण सम्बन्धी कार्यक्रम एवं प्रक्रिया क़े सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

कलेक्टर श्री सोनी ने बताया कि अधिकारी, मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। बीएलए का प्रशिक्षण 3 नवम्बर तक पूरा करना है। उन्होंने सभी राजनैतिक दल क़े प्रतिनिधियों से बीएलए की सूची शीघ्र उपलब्ध कराने एवं पुनरीक्षण कार्य में सहभागिता एवं सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को पूरी पारदर्शिता एवं समय पर पूरा करना है। गणना पत्रक क़े साथ पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। पहचान पत्र क़े लिए 13 प्रकार क़े दस्तावेज को मान्य किया गया है जिसमें केन्द्र या राज्य सरकार द्वारा जारी पहचान पत्र, पेंशन पेमेंट ऑर्डर, शासन या स्थानीय निकाय, बैंक पोस्ट ऑफिस, पीएसयू, एलआईसी द्वारा पहचान पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, मेट्रिक प्रणाम पत्र, स्थायी निवास, जाति प्रणाम पत्र, वन अधिकार पत्र, नेशनल रजिस्टर ऑफ़ सिटीजन, परिवार पंजी, जमीन एवं आवास आवंटन प्रणाम पत्र, आधार कार्ड, बिहार एसआईआर मतदाता सूची शामिल है।




**2003 में हुआ था एसआईआर**

मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण पूर्व में वर्ष 2003 में हुआ था। आयोग क़े निर्देशानुसार वर्तमान मतदाता सूची को फ्रिज कर दिया गया है। वर्तमान में बिलाईगढ़ विधानसभा सहित जिले में कुल 1014 मतदान केन्द्र है एवं कुल मतदाता संख्या 951555 है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी, भारतीय जनता पार्टी क़े प्रतिनिधि नरेश केशरवानी, इंडियन नेशनल कांग्रेस से जिला अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे, आम पार्टी से भुनेश्वर सिंह डहरिया, जेसीसीजे से सुशील बंजारे सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं को अधिकार व कर्त्तव्य की जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज >> बलौदाबाजार



- विद्यालय में विधिक जागरुकता शिविर

ग्राम करमदा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी सुश्री माला यादव एवं पूजा चंद्रा द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को समाज से जुड़े विविध विधिक विषयों जैसे बाल श्रम, टोनही प्रताड़ना, मोटर वाहन अधिनियम, नागरिकों के मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। वक्ताओं ने बताया कि बच्चों से ऐसा कार्य कराना जो उनकी आयु, शिक्षा या मानसिक विकास के प्रतिकूल हो, अपराध की श्रेणी में आता है। इसी प्रकार किसी महिला को जादू-टोना के आरोप में प्रताड़ित करना या सामाजिक रूप से अपमानित करना भी दंडनीय अपराध है।

मोटर वाहन अधिनियम की जानकारी देते हुए बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु में या बिना लाइसेंस, बीमा एवं हेलमेट के वाहन चलाना कानूनन अपराध है। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को विधिक जानकारी को जीवन में अपनाने और समाज में विधिक जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के मार्गदर्शन में, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अब्दुल जाहिद कुरैशी के निर्देशन में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर विधिक ज्ञान प्राप्त किया। शिविर में पैरा लीगल वालेंटियर ओजस्व अग्रवाल एवं लाखन बंजारे ने सहयोग प्रदान किया।

## उगते सूर्य को अर्घ्य देकर संपन्न हुआ छठ महापर्व

हरिभूमि न्यूज >> खरोरा

- खरोरा में श्रद्धा, भक्ति और लोक परंपरा के संग मना छठ पूजा का समापन

लोक आस्था के चार दिवसीय पर्व छठ पूजा का समापन मंगलवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर किया गया। नगर के शीतला तालाब घाट पर कल सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। व्रती महिलाओं ने सपरिवार छठ माता की पूजा कर सूर्य देव से परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की दीर्घायु और निरोगी जीवन की कामना की।

भक्तों की भीड़ से पूरा घाट भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा। सोमवार को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के बाद मंगलवार को





उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर व्रत का समापन हुआ। महिलाओं ने परंपरागत वेशभूषा में सूपा, टोकरी और प्रसाद लेकर घाट पर पूजा-अर्चना की। छठ पूजा में ठेकुआ, मौसमी फल, गन्ना, नारियल जैसे प्रसादों का विशेष महत्व रहा। पुरुष सदस्यों ने प्रसाद की टोकरी घाट तक पहुंचाई और महिलाओं ने स्नान कर गीले वस्त्रों में ही अर्घ्य दिया।

**श्रद्धा और उत्साह के साथ हुई छठ पूजा**

नगर सहित आसपास के ग्रामों में भी श्रद्धा और उत्साह के साथ छठ पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज की प्रदेश अध्यक्ष अंजू पांडेय ने शीतला तालाब पहुंचकर उषाकाल अर्घ्य दिया और सभी व्रती महिलाओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने नरेंद्र ठाकुर, तोरण ठाकुर और वार्ड पार्षद जयप्रकाश वर्मा का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से घाट पर सफाई और विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से की गई। साथ ही नगर के मीडिया प्रतिनिधि रोहित वर्मा को छठ महापर्व के सुंदर कवरेज और लोक आस्था के प्रचार-प्रसार के लिए धन्यवाद दिया।

## पीएम आवास योजना ने लक्ष्मी बाई के सपनों को किया साकार, मिली सुविधा

हरिभूमि न्यूज >> सेल



प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने जनपद पंचायत कसडोल के ग्राम भुसड़ीपाली, वीरनारायणपुर निवासी लक्ष्मी बाई रामसाय के जीवन में नई रोशनी भर दी है। मिट्टी की झोपड़ी से पक्के मकान तक का उनका सफर अब ग्रामीण विकास की प्रेरणादायक कहानी बन गया है।

47 वर्षीय लक्ष्मी बाई, जो अन्य पिछड़ा वर्ग से हैं, लंबे समय तक झोपड़ीनुमा घर में अपने परिवार के साथ रहती थीं। बरसात के दिनों में छत टपकने और घर में पानी भर जाने से जीवन कठिन हो जाता था। उन्होंने बताया कि पहले घर की दीवारें मिट्टी की थीं, बरसात में सब गीला हो जाता था। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुझे नया पक्का घर मिला है। अब मैं और मेरा परिवार सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत एवं विभागीय अधिकारियों के सहयोग से मकान का निर्माण समय पर पूरा हुआ। अब उनके बच्चों के पास पढ़ने के लिए स्थान है और परिवार को सुरक्षित आवास मिला है।



## तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा, मोदी की गारंटी लागू करने की करी रिक्वेस्ट

हरिभूमि न्यूज >> बलौदाबाजार

- डीए-डीआर, सेवा सुरक्षा और वेतनमान सुधार सहित कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा प्रदेश के कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं के निराकरण हेतु आज भोजन अवकाश के दौरान कलेक्टर को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में संघ ने "मोदी की गारंटी" को राज्य में लागू करने की मांग दोहराई।

जिलाध्यक्ष मनोज कुमार दुबे ने बताया कि संघ द्वारा पूर्व में 18 जून 2025 को भी कर्मचारियों के हित में की गई घोषणाओं को लागू करने के लिए ध्यानाकर्षण ज्ञापन सौंपा गया था, परंतु अब तक उस पर कार्यवाही नहीं होने के कारण पुनः यह ज्ञापन सौंपा गया है।

**कर्मचारियों की प्रमुख मांगे**-राज्य के कर्मचारियों और पेंशनरों को केंद्रीय कर्मचारियों की भांति देय तिथि से महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) प्रदान की जाए तथा डीए की राशि जीपीएफ खाते में जमा की जाए। सेवानिवृत्ति पर अवकाश नगदीकरण की सीमा 240 दिनों से बढ़ाकर 300 दिन की जाए। संविदा, दैनिक वेतनभोगी एवं अनियमित कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित किया जाए तथा उन्हें सेवा सुरक्षा दी जाए। सभी संवर्गों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सेवा काल में चार स्तरीय वेतनमान का लाभ दिया जाए। सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगतियों का निराकरण किया जाए। शिक्षक, लिपिक सहित अन्य संवर्गों की वेतन विसंगतियों पर गठित समिति शीघ्र अपना प्रतिवेदन जारी करे। शिक्षक एलबी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति से सेवा गणना का लाभ दिया जाए।उत्तर प्रदेश की तर्ज पर छत्तीसगढ़ के अधिकारी-कर्मचारियों एवं पेंशनरों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा एवं बोनस दिया जाए। अनुकंपा नियुक्ति में 10 प्रतिशत सीलिंग समाप्त कर सभी पात्रों को नियुक्ति दी जाए।



**ये रहे उपस्थित**-ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष मनोज कुमार दुबे के साथ डॉ. एल.एस. ध्रुव जिला संयोजक, अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन, विजय कुमार साहू जिला अध्यक्ष, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, संतोष साहू जिला अध्यक्ष, कर्मचारी कांग्रेस, मंगल सिंह ध्रुव जिला उपाध्यक्ष, पेंशनर संघ, प्रेमप्रकाश केसरवानी, कोमलदास पौडवाल, विनोद कुर्रे, रामनारायण नेताम, महेश कुमार निर्मलकर, डिंपल चंद्राकर, कृष्णा कुमारी यादव, केदार वर्मा, राजेश अग्रवाल एवं सोनचंद साहू सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारी, आयोग ने जारी किया विस्तृत कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज >> बलौदाबाजार

भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ में 1 जनवरी क़े सन्दर्भ में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर ) सबंधी कार्यक्रम की घोषणा कर दी गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने मतदाता सूची क़े विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम क़े सम्बन्ध में बुधवार को जिला निर्वाचन अधिकारियों की वीसी क़े माध्यम से बैठक ली। उन्होंने चरबद्ध प्रक्रिया क़े सम्बन्ध में महत्वपूर्ण निर्देश दिये। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची क़े विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में बीएलए, बीएलओ,ईआरओ, एईआरओ क़े कार्य एवं सावधानियों क़े सबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिये। उन्होंने पूर्व क़े मतदाता सूची का शीघ्र मिलान करने क़े साथ ही फॉर्म प्रिंटिंग, घर घर सर्वेक्षण कार्य शुरू करने कहा।

बी.एल.ओ, (बूथ स्तरीय अधिकारी) नए मतदाता को शामिल करने के लिए फॉर्म 6 और घोषणा पत्र एकत्र करेंगे और मिलान / लिंकिंग (आधार से जोड़ना) में सहायता करेंगे। मतदाता को ई.एफ. भरने में मदद करेंगे उसे एकत्र करेंगे और ई.आर.ओ./ए.ई.आर.ओ. को जमा करेंगे। प्रत्येक मतदाता के घर का कम से कम 3 बार दौरा करेंगे। मतदाता, विशेषकर शहरी मतदाता/अस्थायी प्रवासी, ई.एफ. ऑनलाइन भी भर सकते हैं। इसके अलावा बीएलओ मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित तथा एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत मतदाताओं की पहचान करेंगे । गणना चरण के दौरान ई.एफ. के अलावा, ई.एफ. के साथ कोई अन्य दस्तावेज एकत्र करने की आवश्यकता नहीं है।ईआरओ/एईआरओ को



यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी पात्र नागरिक छूटा नहीं है; और कोई भी अपात्र व्यक्ति शामिल नहीं है। जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) ईआरओ के फैसले के खिलाफ पहली अपील की सुनवाई करेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डीएम के निर्णय के खिलाफ दूसरी अपील की सुनवाई करेंगे।

### विशेष गहन पुन रीक्षण के प्रमुख चरण

**पूर्व-गणना चरण** - बीएलओ, ईआरओ और डीईओ का प्रशिक्षण। बीएलओ द्वारा अंतिम एसआईआर के साथ मैन्युअल मिलान/लिंकिंग।ईसीआईनेट द्वारा अंतिम एसआईआर के साथ कंप्यूटर मिलान व लिंकिंग।

**राजनीतिक दलों की भागीदारी** - डीईओ और ईआरओ सभी मान्यता प्राप्त दलों से मिलेंगे और एसआईआर प्रक्रिया को विस्तार से समझाएंगे। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ स्तरीय एजेंटों (बीएलए) का प्रशिक्षण। बीएलए मतदाताओं से विधिवत भरे हुए ईएफ भी एकत्र कर सकते हैं।प्रतिदिन 50 ईएफ तक प्रमाणित कर सकते हैं और बीएलओ को जमा कर सकते हैं

**गणना चरण**- विधिवत भरे गए गणना प्रपत्रों का मुद्रण, वितरण, मिलान/लिंकिंग और संग्रहण 1,200 मतदाताओं की अधिकतम सीमा वाले मतदान केंद्रों का युक्तिकरण।

**मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन** - ड्राफ्ट रोल में वे सभी मतदाता शामिल होंगे जिनके गणना फॉर्म प्राप्त हो गए हैं। ड्राफ्ट रोल में शामिल न किए गए अनुपस्थित, स्थानांतरित 'मृत 'डुप्लिकेट नामों की सूची सीईओ वेबसाइट एवं सार्वजनिक कार्यालयों पर डाली जाएगी।

**सांकेतिक दस्तावेजों का होगा सत्यापन**

उन मतदाताओं को नोटिस जारी किए जाएंगे जिनका अंतिम एसआईआर से मिलान या लिंक नहीं किया जा सका। मतदाता के रूप में उनकी पात्रता सुनिश्चित करने के लिए सांकेतिक दस्तावेजों का सत्यापन करना। अंतिम एसआईआर से पहले उनके ठिकाने का पता लगाने के लिए सुनवाई। ईआरओ एवं एईआरओ द्वारा दावे और आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा।मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का कोई भी मतदाता या बीएलए दावा या आपत्ति दर्ज करा सकता है।दावा आपत्ति क़े निराकरण पश्चात अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। तिथिवार कार्यक्रम निर्धारित 28 अक्टूबर से 2025 से 03.11.2025 तक मुद्रण एवं प्रशिक्षण कार्य, 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2025 तकघर घर गणना चरण अवधि (घर-घर जाकर सत्यापन) कार्य, 9 दिसम्बर 2025 को मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन, 9 दिसम्बर से 8 जनवरी 2026 तक दावे और आपत्ति की अवधि, 9 दिसम्बर से 31 जनवरी 2026 तक नोटिस चरण एवं 7 फ़रवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मड़ावी सहित अन्य अधिकारी वी सी क़े माध्यम से जुड़े थे।

## जिला सहकारी बैंक के कर्मचारियों ने काली पट्टी लगाकर किया आंदोलन

हरिभूमि न्यूज >> पलारी

- 5 सालों से लंबित वेतनवृद्धि की मांग
- उच्च न्यायालय के निर्देश का नहीं हो रहा पालन: पदाधिकारी

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ रायपुर के आव्हान पर बैंक की 6 जिला रायपुर, महासमुन्द, धमतरी, गरियाबंद, बलौदाबाजार-भाटापारा एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ की सभी 73 शाखाओं में कार्यरत कर्मचारियों सहित मुख्यालय रायपुर के लगभग 750 कर्मचारियों द्वारा वर्ष 2021 से देय वार्षिक वेतनवृद्धि की स्वीकृति उच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्णयादेशों के उपरांत भी बैंक के प्राधिकृत अधिकारी एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं द्वारा नहीं दिये जाने के कारण 29 अक्टूबर से चरणबद्ध आंदोलन के प्रथम दिन काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया।



उल्लेखनीय है कि, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर के सेवायुक्तों को प्रतिवर्ष 1 अप्रैल से वार्षिक वेतनवृद्धि दिया जाता रहा है। किन्तु बैंक के प्राधिकृत अधिकारी एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, छग द्वारा वर्ष 2021 से लगातार 5 वर्षो तक वेतनवृद्धि का लाभ उच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्णय देशों के उपरांत भी नहीं दिया जा रहा है। ज्ञातव्य हो कि सहकारिता पंजीयक द्वारा प्रदेश के अन्य जिला सहकारी बैंकों एवं अपेक्स बैंक हेतु जारी आदेश से भिन्न सहकारी बैंक में प्रचलित सेवा नियम के प्रावधानों के विपरीत पवनाथन कमेटी की सिफारिशों का हवाला देते हुए, जिला बैंक रायपुर हेतु बंधनकारी आदेश जारी करते हुए वार्षिक वेतनवृद्धि को बाधित किया गया है, जो कि दुर्भावनापूर्वक एवं कर्मचारियों के मौलिक अधिकारों के विपरित है।

**मांग पूरी नहीं होने पर 6 नवंबर को लेंगे सामूहिक अवकाश**

चरणबद्ध आंदोलन कार्यक्रम अनुसार 5 नवम्बर तक मांग पूरी नहीं होने पर, 6 नवम्बर को सभी कर्मचारी एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर बैंक की सभी शाखाएं एवं एटीएम बंद रखेंगे। उसके उपरांत भी स्वीकृति आदेश जारी नहीं करने पर 12 नवम्बर से बैंक के समस्त कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। जिससे धान की खरीदी एवं राशि भुगतान सहित सभी बैंकिंग कार्य तथा बैंक द्वारा संचालित समस्त शासकीय योजनाओं से संबंधित सेवाएं ठप हो जाएंगी।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
24 अक्टूबर 2025
SHOW TIME
थामा
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
एक दीवाने की दीवानियत
शो समय - 12:00,3:00, 6:00,9:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक, दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों की बैठक लेकर विस्तृत समीक्षा की।उन्होंने मातृ-शिशु स्वास्थ्य से लेकर टीबी व मलेरिया नियंत्रण तक हर बिंदु पर गहन चर्चा कर कम प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने विभागीय आंकड़ों की समीक्षा करते हुए कई ब्लॉकों के कमजोर प्रदर्शन पर नाराज़गी जताई। उन्होंने कहा कि सिर्फ प्रेजेंटेशन में प्रगति दिखाना पर्याप्त नहीं सुधार जमीनी स्तर पर दिखना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक बीएमओ साप्ताहिक समीक्षा बैठक करें। फील्ड विजिट को नियमित और प्रमाणिक बनाएं। कम प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को तीन सप्ताह में सुधार रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। डेटा की पारदर्शिता और समय पर रिपोर्टिंग सुनिश्चित की जाए। सेवा गुणवत्ता, उपस्थिति और जवाबदेही पर कड़ा अनुशासन लागू किया जाए।

## स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता सुधार की कड़ी चेतावनी

### स्वास्थ्य विभाग की हुई समीक्षा

कलेक्टर ने मातृ स्वास्थ्य के सम्बन्ध में संस्थागत प्रसव दर, एएनसी कवरेज, हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान एवं रेफरल मैनेजमेंट की गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी गर्भवती महिला जोखिम में न रहे और हर डिलीवरी पॉइंट पूरी तरह कार्यशील रहे। शिशु स्वास्थ्य के सम्बन्ध में पूर्ण टीकाकरण, नवजात मृत्यु दर, कार्यप्रणाली और हाई-रिस्क शिशुओं के फॉलो-अप की स्थिति पर चर्चा की। आयुष्मान भारत कार्ड निर्माण हेतु पात्र परिवारों तक योजना का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत नोटिफिकेशन, निक्षय पोषण योजना भुगतान, प्राइवेट सेक्टर की सहभागिता और केस-फॉलो-अप पर समीक्षा की गई। मलेरिया नियंत्रण हेतु टेस्टिंग रेट, सर्विलांस, दवा वितरण एवं जागरूकता गतिविधियों पर चर्चा की।




### ये रहे उपस्थित

बैठक में सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अवस्थी, सिविल सर्जन डॉ. अशोक वर्मा, डीपीएम सृष्टि मिश्रा सहित सभी नोडल अधिकारी, जिला कंसल्टेंट, बीएमओ, बीपीएम, बीडीएम, बीईटीओ तथा सभी पीएचसी प्रभारी उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### कुआं से सुरक्षित निकाला गया बछड़े को

**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 9 में स्थित एक खाली कुएं में गिरे बछड़े को गौ सेवकों ने सकुशल बाहर निकाला। गौसेवकों ने बताया कि पूर्व पार्षद बबलू हरपाल से जानकारी मिली कि एक बछड़ा खाली कुआं में गिरा है। इसकी जानकारी मिलते ही गौ सेवक पहुंचे। फिर गौ सेवकों ने नगर पालिका के जेसीबी के माध्यम से कुंआ में उतरे और फिर गौ माता के बच्चे को रस्सी में बांधकर जेसीबी के माध्यम से सुरक्षित ऊपर लाया गया। इस कार्य में नपाध्यक्ष निखिलकांत साहू एवं उपाध्यक्ष देवीचंद राठी का सहयोग मिला। इस दौरान सुमन सेंद्रे सदस्य छग राज्य गौसेवक आयोग विख महासमुंद एवं जिला गौ रक्षा प्रमुख विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल, डोमन यादव आदि उपस्थित रहे।

## निधन

### नरेंद्र कुमार खरे

भाटापारा। सेवानिवृत्त शिक्षक नरेंद्र कुमार खरे उम्र 72 वर्ष निवासी



शुक्ला कॉलोनी पटपर चौक का आज निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में नगर के गणमान्य नागरिक व स्नेहीजन मौजूद रहे। वे अनूप कुमार खरे व्याख्याता पिता के थे।

## बारिश और तेज हवाओं ने खेतों में गिरी धान की बालियों को नुकसान पहुंचाया

# आंधी-बारिश से अर्ली वैरायटी धान की फसल को भारी नुकसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

खरोरा एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नवरात्रि पर्व के आसपास हुई लगातार बारिश व तेज हवाओं के कारण अर्ली वैरायटी किस्म के धान की फसल को भारी नुकसान हुआ है। आंधी बारिश में खेतों में खड़ी धान की बालियां निकल चुकी है, फसल गिर गई है ,जिसका असर कटाई के समय दिखाई पड़ रहा है।

बारिश का पानी खेतों में भरी होने के कारण खेतों में गिरे धान की बालियों में अंकुरित होने के कारण झड़ भी रहा है, ऐसे में किसानों को अपनी फसल को बचाने भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अनेक जगह तो किसान अपनी फसल को नहीं बचा पाने के कारण अपनी फसल को भगवान भरोसे छोड़ दिए हैं।

### अधिकारियों से किसान नाराज

*फरहदा के संपन्न किसान योगेश चंद्राकर एवं केसला के किसान रमेश शर्मा ने कहा कि जब यह बारिश बंद हुआ तब कृषि विभाग के जिम्मेदार अधिकारी द्वारा इस बारिश से फसल को नुकसान के बजाय फायदा होने की बात कही गई थी और अभी भी कह रहे हैं कि उस समय के बारिश में फसल को कोई नुकसान नहीं हुआ है, अगर फसल नुकसान होता तो किसान हमारे पास बताने जरूर आते यानी की सीधा बात हुआ कि विभाग के अधिकारी द्वारा क्षेत्र में दौरा नहीं करते हैं, अगर दौरा करते तो अर्ली वैरायटी में हुआ नुकसान दिख जाता।*

### बारिश से फसल हो रही प्रभावितः किसान

*किसानों के अनुसार जो अर्ली वैरायटी के धान कुछ ठीक हालत में थे वहां उत्पादन ही बहुत कम आ रहा है, क्षेत्र के खरोरा, केसला, माठ, सिर्री, पाड़ाभाट, कनकी, घिवरा, परसदा जैसे ब्लॉक के विभिन्न गांव में अर्ली वैरायटी धान की कटाई शुरू हो गई है, लेकिन आंधी बारिश से बालियों में दाने झड़ने व सड़ने के कारण उत्पादन के साथ धान के गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। इस संबंध में क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अरुण वर्मा ने कहा कि शासन से इस विषय में किसी भी प्रकार का आदेश नहीं आया है, आगे आदेश आने पर नियमानुसार उचित निर्णय लिया जाएगा।*

# धनसीर से छुईहा के पास दिखा दंतैल हाथी, ग्रामीण बना रहे वीडियो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

छत्तीसगढ़ के बिलाईगढ़ क्षेत्र में वन विभाग की मॉनिटरिंग फेल नजर आ रही है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग पर लापरवाही का आरोप भी लगाया है। स्थानीय लोगों के हाथी की मौजूदगी की सूचना देने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचती है। जबकि वन विभाग को हाथी के मूवमेंट पर पहले से ही जानकारी रहनी चाहिए ताकि आसपास के गांव में मुनादी कर लोगों को अलर्ट किया जा सके। बीते मंगलवार की रात बिलाईगढ़ वन परिक्षेत्र के धनसीर से छुईहा के पास एक दंतैल हाथी को रिहायसी इलाके में विचरण करते हुए देखा गया है। वीडियो में साफ रूप से देखा जा सकता है कि आसपास के ग्रामीण हाथी के कितने नजदीक जाकर वीडियो बना रहे हैं ऐसे में अगर हाथी हमला करें तो बड़ा हादसा भी हो सकता है वन विभाग बिलाईगढ़ की टीम के द्वारा ग्रामीणों को हाथी से दूर रखने में नाकाम साबित हो रहे हैं।

- बिलाईगढ़ में हाथी का विचरण, वन विभाग की मॉनिटरिंग पर सवाल
- रेंजर का दावा, हाथी पर निगरानी और गांवों में अलर्ट जारी



### हाथियों पर है टीम की नजरः रेंजर

बिलाईगढ़ क्षेत्र में भी कई बार हाथी के हमले से कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं इसके बावजूद भी वन विभाग की टीम लापरवाही बरतते नजर आ रहे हैं। वही वन विभाग बिलाईगढ़ के रेंजर माखन लाल बंजारे का कहना है कि धनसीर क्षेत्र में हाथी के देखे जाने की सूचना पर टीम के साथ पहुंचकर हाथी पर नजर बनाए हुए हैं और आसपास के गांव में हाथी से दूर रहने मुनादी भी किया गया है।


फिलहाल हाथी ने अभी तक किसी को नुकसान नहीं पहुंचा है। बता दे की कुछ दिन पहले बार नवापारा क्षेत्र में हाथी के हमले से एक व्यक्ति की मौत हो गई थी जिसके बाद ग्रामीणों और स्थानीय विधायक संदीप साहू ने वन विभाग की लापरवाही बताते हुए मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने के लिए आंदोलन की भी चेतावनी दी थी।

# आदि कर्मयोगी योजना पर विवादः 2 करोड़ की राशि की जांच की मांग

कसडोल। विकासखंड कसडोल अन्तर्गत ग्राम पंचायत नगरदा के ग्राम मनदीप की श्रीमती ललित कुमारी भोई ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित जिला कलेक्टर दीपक सोनी और जनपद पंचायत कसडोल में शिकायत कर मांग किया है, श्रीमती भोई ने शिकायत में कहा कि ग्राम मनदीप में आदि कर्मयोगी योजना जैसी प्रेरणादायी पहल का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचाना है, जिससे हर जनजाति परिवार आत्मनिर्भर बने, युवाओं को रोजगार मिले, बच्चों को शिक्षा मिले और मातृशक्ति को सम्मान व सुरक्षा प्राप्त हो।

शिकायत में श्रीमती भोई ने आगे कहा कि ग्राम मनदीप हेतु आदि कर्मयोगी योजना के अंतर्गत 2 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है। दिनांक 2 अक्टूबर को ग्राम पंचायत नगरदा में इस योजना से संबंधित एक बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें मैं स्वयं उपस्थित थी। उस बैठक में सचिव, सरपंच और पंचों द्वारा मोबाइल में पूर्वनिर्धारित सूची से अपनी मनमानी से माँगें तैयार की गई और उन्हें बिना ग्रामवासियों की सहमति के पढ़कर सुनाया गया। ग्रामवासियों के बास्तविक सुझावों और आवश्यकताओं को उस सूची में सम्मिलित नहीं किया गया। इस बैठक में ग्राम मनदीप से केवल 5-6 लोग ही उपस्थित थे। बैठक के कुछ दिन बाद जब सूची की जानकारी मिली, तो मैंने स्वयं ग्राम की सभी गहिलाओं से जानकारी ली। अधिकांश महिलाओं एवं ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें 'आदि कर्मयोगी योजना/" की बैठक या उसकी जानकारी नहीं थी। इस बात के प्रमाणस्वरूप उनके हस्ताक्षर भी मेरे पास उपलब्ध है, ग्राम विकास के लिए मेरे द्वारा तैयार की गई प्राथमिकता सूची पर सभी ग्रामवासी सहमत हैं। मीटिंग के दौरान मेरे साथ अपमानजनक व्यवहार भी किया गया जिसे मैं क्षमा करती हूँ परंतु यह स्पष्ट है कि पंचायत स्तर पर पारदर्शिता की कमी है। सरपंच अभी अनुभवहीन हैं और समाज के व्यापक हित की समझ सीमित है। उनके निजी स्वार्थ के कारण योजना की राशि का राही उपयोग नहीं हो पाएगा। उदाहरण के लिए रूपधर घर से स्कूल तक का सीसी रोड पहले ही पंचायत या विधायक निधि से बन रहा है, फिर भी उसी कार्य को 'आदि कर्मयोगी योजना की सूची में पुनः शामिल किया गया है। इसके प्रमाण स्वरूप मेरे पास संबंधित फोटो उपलब्ध हैं।

### शिकायत के माध्यम से किया मांग



श्रीमती भोई ने मांग किया कि मनदीप हेतु स्वीकृत 2 करोड़ राशि के उपयोग की विस्तृत जांच कराई जाएं। साथ ही राशि को शिकायतकर्ता के खाते में जमा करने या प्रत्यक्ष रूप से चेक के माध्यम से प्रदान की कृपा करें, ताकि अपने कर्म से ग्राम गनदीप को आदर्श ग्राम के रूप मेंविकसित कर सकें और आपके /"आदि कर्मयोगी भारत के सपने को साकार कर सकूँ। शासन द्वारा अगर राशि दिया गया तो यह राशि ग्राम के वास्तविक विकास कार्यों जैसे। शिक्षा, स्वास्थ्य, जल व्यवस्था, महिला स्वावलंबन, एवं रोजगार सृजन में पारदर्शिता के साथ उपयोग की जाएगी। इधर इस शिकायत पर गंभीर विषय को तत्काल संज्ञान में लेकर निष्पक्ष जांच कराने के अलावा ग्राम मनदीप के विकास में किसी भी प्रकार की धांधली या भ्रष्टाचार न हो इसकी मांग भी किया गया।

### क्या कहते हैं अधिकारी

ग्राम नगरदा का आश्रित ग्राम मनदीप आदिवासी ग्राम घोषित है, आदि कर्मचारी योजना के तहत अभी तक एक रुपया भी मिला नही है, हाल ही ग्राम पंचायत भवन में मीटिंग हुआ तो मेरे द्वारा प्रस्ताव में लिखित कार्य को पढ़कर सुनाया गया था साथ ही ललित कुमारी से बाकायदा पूछा था और बोला भी गया था कि त्रुटि देख लीजिये। जब पैसा मिला ही नही तो कही भी धांधली या भ्रष्टाचार की बात या शिकायत करना गलत बात है। जो भी राशि मिलेगा नियम से ही कार्य किया जायेगा।

**मुकेश नंद**, सरपंच, ग्राम नगरदा

## अल्ट्राटेक सीमेंट की पहल

# महिला सशक्तिकरण और पशुधन विकास केंद्र का भूमिपूजन



**बलौदाबाजार।** अल्ट्राटेक सीमेंट रावन सीएसआर के तत्वावधान में ग्राम चुचरुंगपुर एवं सरसेनी में महिला सशक्तिकरण केंद्र तथा ग्राम गुमा में पशुधन विकास केंद्र का भूमिपूजन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संयंत्र प्रमुख राजेश कुमार एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।

इन केंद्रों की स्थापना का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना, उन्हें रोजगार मुखी कौशलों से प्रशिक्षित कर सशक्त करना एवं ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ बनाना है। महिला सशक्तिकरण केंद्रों के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षण, समूह संचालन एवं सामूहिक गतिविधियों के लिए एक संगठित मंच प्रदान किया जाएगा। वहीं ग्राम गुमा में स्थापित होने वाले पशुधन विकास केंद्र के माध्यम से पशुपालकों को उन्नत नस्ल सुधार, टीकाकरण, चारा प्रबंधन, दुग्ध उत्पादन तकनीक तथा पशु स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहल से न केवल पशुधन उत्पादकता बढ़ेगी बल्कि ग्रामीणों की आय में भी सकारात्मक सुधार होगा। अल्ट्राटेक सीएसआर टीम के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह पहल ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो महिलाओं एवं पशुपालकों दोनों को सशक्त बनाकर स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा प्रदान करेगी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत गुना की सरपंच चन्द्रकांता होमेश साहू, चुचरुंगपुर की सरपंच कुमोदनी वर्मा, सरसेनी के सरपंच टिकेश्वर देवांगन, उपसरपंच शारदा रजक, पंचगण, महिला मंडल की सदस्याएँ एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में अतिथियों एवं ग्रामीणों ने अल्ट्राटेक सीएसआर टीम के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल ग्रामीण विकास एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में प्रेरणादायक उदाहरण है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशासनिक प्रमुख संजीव मिश्र, सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, अधिकारी रंजय पाण्डेय तथा टीम सदस्य सुरेन्द्र यादव, जानकी यादव एवं हेमलता ध्रुव का विशेष योगदान रहा।

# रायपुर में छत्तीसगढ़ महतारी मूर्ति खंडित होने पर शिवसेना ने जताया कड़ा विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

छत्तीसगढ़ शिवसेना ने राजधानी रायपुर के वीआईपी चौक पर स्थापित छत्तीसगढ़ महतारी मूर्ति खंडित किये जाने के खिलाफ प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आदेश पर पूरे प्रदेश भर में घटित कृत्य का कड़ा विरोध जताया है। वहीं बलौदाबाजार जिले के शिव सैनिकों ने 27 अक्टूबर को सुहेला तहसीलदार किशोर वर्मा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर विरोध दर्ज कराया। प्रदेश सचिव ईश्वर प्रसाद निषाद ने बताया कि छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़े जाने की घटना अत्यंत दुखद और निंदनीय है, ऐसे कृत्य से छत्तीसगढ़ की अस्मिता, संस्कृति और हमारी मातृभूमि के सम्मान पर सीधा प्रहार हैं, महतारी के प्रतीक पर हुआ यह वार पूरे प्रदेश की भावनाओं को आहत करने वाला है।

- प्रदेशभर में घटना पर छत्तीसगढ़ शिवसेना का आक्रोश
- बलौदाबाजार में शिव सैनिकों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा



छत्तीसगढ़ शिवसेना पार्टी इसकी कड़ी निंदा करती है और मांग करते हैं कि उक्त घटना की सूक्ष्म जांच कराकर दोषियों पर तत्काल कठोर कार्रवाई करें। साथ ही उक्त स्थान पर नई मूर्ति ससम्मान तत्काल स्थापित किया जाए। ज्ञापन पश्चात पदाधिकारियों का बैठक हुआ जिसमें जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि पार्टी द्वारा चार दिवसीय दंतेवाड़ा से रायपुर तक प्रादेशिक कार्यक्रम हिन्दू राष्ट्र मोर्चा दिनांक 11 से 14 नवंबर को छत्तीसगढ़ शिवसेना द्वारा आयोजित किया जाएगा जिसमें हमारे जिले से अधिक से अधिक संख्या में शिव सैनिक शामिल होंगे। जिसमें राष्ट्रीय पदाधिकारी, पड़ोसी प्रदेश पदाधिकारी समेत प्रदेशभर से सैकड़ों की संख्या में शिवसैनिक उपस्थित रहेंगे।

### ये रहे उपस्थित

*जहां जिला महासचिव बद्री प्रसाद वर्मा, ओंकार वर्मा, उपाध्यक्ष डॉ एवन टंडन, सचिव खिलेंद्र सेन, कामगार जिला उपाध्यक्ष केशवराम साहू, भाटापारा विधानसभा सचिव आत्माराम नेताम, पलारी ब्लाक उपाध्यक्ष ओमप्रकाश घृतलहरे, भानु नेताम, महेश सारथी, भरतदास मानिकपुरी, शेखर वर्मा, लखन धीवर, चेतन वर्मा आदि शिव सैनिक उपस्थित थे।*

# नशे के दुष्परिणाम बताए, लैगिंग अपराधों संबंधी दी गई जानकारी

**बलौदाबाजार।** गोविंद सारंग शासकीय विधि महाविद्यालय में नई दिशा अभियान के तहत नशे से मुक्ति हेतु जागरुकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभाव एवं नशे से होने वाली परेशानियों के बारे में छात्रों को अवगत कराया गया एवं नशा मुक्ति हेतु शपथ दिलाई गई। जिला प्रशासन द्वारा जिला चिकित्सालय से नशे के दुष्परिणाम की जानकारी एवं मनोविकास हेतु परामर्श, हम होंगे कामयाब के तहत रोजगार हेतु पोर्टल में क्यू.आर. स्कैन में पंजीयन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिला उत्पीड़न, लैंगिग अपराधों के संबंध में जानकारी दी गई। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में समाज कल्याण विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया।






एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र को
बेमेतरा जिला के अंतर्गत नांदघाट, मारो में एजेंसी देना है
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, बेमेतरा
रायपुर रोड, सुंदर नगर
चाचा प्रॉपर्टी के नीचे, बेमेतरा
मो. 8319154342
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8224868411

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड
कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

NABH Entry Level
ओम हॉस्पिटल
प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक विभाग
• जलने के बाद की प्लास्टिक सर्जरी (Contractures)
• दुर्घटना मे कटे अंग तंतु और खून की नसों को जोड़ना
• कास्मेटिक सर्जरी • स्तनों की सर्जरी (Implant)
• मोटापे का ईलाज (लाइपोसक्शन)
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज • गंजेपन का स्थायी इलाज
• चेहरे के फ्रैक्चर का ईलाज (Maxillofacial Surgery)
• मुँह के कैंसर की प्लास्टिक सर्जरी
• कान बनाना, नाक बनाना, (अविकसित एवं चोट ग्रस्त)
• Hypospadias, Vaginoplasty, गुप्त स्थानों की सर्जरी
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 12,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 20 फरवरी 2026 (8 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग,
उज्जैन (श्री महाकालेश्वर), माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि: स्लीपर 12,100/-, 3 एसी-20,500/-, 2 एसी 25,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

